# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक: BRLPS-LSBA/Estt/68/18/189 दिनांक: 06.06.18

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०,
प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक,
लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
मधेपुरा।

विषय: सात निश्चय एवं सुशासन के कार्यक्रम से संबंधित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा हेतु बिहार विकास मिशन के उप मिशन निदेशकों द्वारा जिलों के भ्रमण पश्चात् किंचित बिन्दुओं पर प्रतिवेदन समर्पित करने के संबध में।

प्रसंग: उप मिशन निदेशक, युवा उप-मिशन, बिहार विकास मिशन का पत्रांक 05/बि०वि०मि० (युवा) (मधेपुरा भ्रमण अनुपालन) – 05/2018/482 दिनांक 27.02.2018.

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में निदेशानुसार सूचित करना है कि बिहार विकास मिशन के उप मिशन निदेशकों द्वारा सात निश्चय एवं सुशासन के कार्यक्रम से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनकी प्रगति की समीक्षा की गयी थी एवं भ्रमण के उपरांत समर्पित प्रतिवेदन के क्रम संख्या- 5 में वर्णित बिन्दुओं पर कारवाई की मांग की गयी है।

अत: अनुरोध है कि प्रसंगाधीन पत्र का अनुपालन करते हुए संबंधित प्रतिवेदन बिहार विकास मिशन को उपलब्ध कराते हुए प्रति राज्य मुख्यालय को भी उपलब्ध कराने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन

6/6/18

(राजीव कुमार सिंह)

अनु०-यथो०

प्रतिलिपि : श्रीं अनुराग कौशल सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी, ग्रामीण विकास विभाग, पटना, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष/निदेशक-सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/6/18

Lcu- 89205/18 (37) 250

पत्रांक–05 / बि0वि0मि0 (युवा) (मधेपुरा भ्रमण अनुपालन) – 05 / 2018................

**बिहार सरकार**

**बिहार विकास मिशन**

प्रेषक,

नवीन कुमार सिंह,
उप–मिशन निदेशक,
युवा उप–मिशन,
बिहार विकास मिशन, पटना।

D.S. / Ant KB

सेवा में,

05 MAR 2018

जिला पदाधिकारी,
मधेपुरा।

पटना, दिनांक............................

विषय :– मधेपुरा जिला भ्रमण के आलोक में समर्पित निरीक्षण प्रतिवेदन में अंकित बिन्दुओं पर अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– युवा उप मिशन का ज्ञापांक 651, दिनांक 02.06.2017, पत्रांक 2089, दिनांक 23.11.2017, पत्रांक 288, दिनांक 01.02.2018 एवं उप विकास आयुक्त, मधेपुरा का पत्रांक 310, दिनांक 09.02.2018

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों द्वारा दिनांक 18.05.2017 एवं 19.05.2017 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला मधेपुरा के भ्रमण से संबंधित प्रतिवेदन में अंकित बिन्दुओं पर कृत कार्रवाई से अवगत् कराने का अनुरोध किया गया था। उक्त के आलोक में उप विकास आयुक्त, मधेपुरा के पत्रांक 310, दिनांक 09.02.2018 द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। प्राप्त प्रतिवेदन में कतिपय बिन्दुओं पर अनुपालन प्रतिवेदन आंशिक / अनुपालित नहीं अथवा अप्राप्त है, जिसकी विवरणी निम्न है :–

SOJS @ 6/3/18

1. केन्द्र पर गार्ड रूम एवं वाहन स्टैण्ड का निर्माण नहीं होने, केन्द्र पर अधिष्ठापित सभी UPS के क्रियाशील नहीं रहने, टोकन वेंडिंग मशीन की खराबी से संबंधित बिन्दुओं का अभी तक अनुपालन नहीं हुआ है।
2. केन्द्र पर काउंसिलिंग को प्रभावकारी बनाये जाने की व्यवस्था, जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा केन्द्र पर काउंसिलिंग हेतु विद्यालय / महाविद्यालय के छात्रों को आमंत्रित नहीं किये जाने तथा काउंसिलिंग कार्य हेतु प्रोजेक्टर, साउंड सिस्टम एवं वाहन की व्यवस्था नहीं किये जाने के संबंध में प्रतिवेदन अप्राप्त है।
3. ऑफलाईन आवेदनों को ऑनलाईन करने, सत्यापित करने की अत्यंत धीमी गति तथा प्रखण्ड एवं जिला स्तर पर आयोजित काउंसिलिंग सत्र में DPO (Edn.) द्वारा समुचित सहयोग नहीं प्रदान करने के संबंध में प्रतिवेदन अप्राप्त है।
4. मधेपुरा प्रखण्ड स्थित कौशल विकास केन्द्र, Genius Infotech में प्रशिक्षण हेतु प्रयुक्त प्रोजेक्टर की गुणवत्ता सही नहीं पाये जाने एवं बारिश होने की स्थिति में अध्ययन कक्ष में पानी रिसने से संबंधित बिन्दुओं का अनुपालन अप्राप्त है।

183 / 6/3/18

२४९

5. शौचालय निर्माण घर का सम्मान के तहत् धैलाढ़ प्रखण्ड के भानटेकढ़ा पंचायत के वार्ड नं0 8 के ODF घोषित होने के बावजूद अधिकांश घरों में शौचालय निर्माण का कार्य अपूर्ण रहने एवं मानक के अनुरूप शौचालय निर्मित नहीं होने से संबंधित बिन्दुओं का अनुपालन अप्राप्त है।

6. हर घर नल का जल के तहत् धैलाढ़ प्रखण्ड के धैलाढ़ गाँव में आपूर्ति किये जा रहे जल की गुणवत्ता एवं जलापूर्ति हेतु प्रयुक्त पाईप की गुणवत्ता सुधारने के संबंध में प्रतिवेदन अप्राप्त है।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त बिन्दुओं का अनुपालन पूर्ण कराते हुए बिन्दुवार पूर्ण अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करने की कृपा जाए।

विश्वासभाजन
ह0/–
(नवीन कुमार सिंह)
उप मिशन निदेशक,
युवा उप मिशन

ज्ञापांक :– 05/बि0वि0मि0 (युवा) (मधेपुरा भ्रमण अनुपालन)–05/2018.........., पटना..........

प्रतिलिपि :– नोडल पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि कंडिका (1) में वर्णित तथ्यों के संबंध में यथोचित कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाय एवं कृत कार्रवाई से अवगत् कराने की कृपा की जाय।

ह0/–
उप मिशन निदेशक
युवा उप मिशन

ज्ञापांक :– 05/बि0वि0मि0 (युवा) (मधेपुरा भ्रमण अनुपालन)–05/2018.........., पटना..........

प्रतिलिपि :– सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि कंडिका (2) एवं कंडिका (3) में वर्णित तथ्यों के संबंध में यथोचित कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाय।

ह0/–
उप मिशन निदेशक
युवा उप मिशन

ज्ञापांक :– 05/बि0वि0मि0 (युवा) (मधेपुरा भ्रमण अनुपालन)–05/2018.........., पटना..........

प्रतिलिपि :– सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि कंडिका (1), (2) एवं (3) में वर्णित तथ्यों के संबंध में यथोचित कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाय।

ह0/–
उप मिशन निदेशक
युवा उप मिशन

948

ज्ञापांक :– 05/बि0वि0मि0 (युवा) (मधेपुरा भ्रमण अनुपालन)–05/2018.........., पटना...........

प्रतिलिपि :– सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित। **निदेशानुसार अनुरोध है कि कंडिका (2) एवं (4) में वर्णित तथ्यों के संबंध में यथोचित कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाय।**

ह0/–

**उप मिशन निदेशक**

**युवा उप मिशन**

ज्ञापांक – 05/बि0वि0मि0 (युवा) (मधेपुरा भ्रमण अनुपालन)–05/2018 492, पटना 27-02-2018

प्रतिलिपि :– सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि कंडिका (5) में वर्णित तथ्यों के संबंध में यथोचित कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाय।

27/02/18

उप मिशन निदेशक

युवा उप मिशन